पुरानी पेंशन बहाली एवं आठवें वेतन आयोग की गठन की शीघ्र घोषणा करें केंद्र सरकार : मुकेश गालव

गंगापुर सिटी । केंद्र सरकार अब शीघ्र आठवें वेतन आयोग के गठन करने की एवं पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा करें अन्यथा रेल का कर्मचारी फिर बडे आंदोलन की तैयारी करेगा। यह बात आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के

■ **गालव ने कहा कि जेसीएम के सभी घटक दलों ने यह निर्णय किया है नवंबर माह तक सरकार यदि वेतन आयोग के गठन की घोषणा नहीं करती है तो केंद्रीयकर्मचारियों की सभी घटक दल मिलकर संघर्ष की घोषणा करेंगे।**

रेल कर्मचारियो को संबोधित करते कामरेड मुकेश गालव

महामंत्री, ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सहायक महामंत्री कामरेड मुकेश गालव ने रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। गालव ने कहा कि हम गत कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

केंद्र सरकार ने भी जेसीएम के साथ विशेष मीटिंग आयोजित कर हमें जल्दी ही इस बारे में उचित घोषणा करने के बारे में आश्वस्त किया है, इसलिए अब सरकार को इस बारे में घोषणा करनी चाहिए। इसी प्रकार गालव ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों के वेतनमानो की समीक्षा के लिए हर 10ॅसाल में वेतन आयोग का गठन किया जाता है। अंतिम वेतन आयोग वर्ष 2016 में लागू किया गया था। वेतन आयोग अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में लगभग 2 वर्ष का समय लेता है। इसलिए अब सरकार को आठवें वेतन आयोग के गठन की शीघ्र घोषणा करनी चाहिए।

आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर करेंगे आंदोलन

गालव ने कहा कि जेसीएम के सभी घटक दलों ने यह निर्णय किया है नवंबर माह तक सरकार यदि वेतन आयोग के गठन की घोषणा नहीं करती है तो केंद्रीय कर्मचारियों की सभी घटक दल मिलकर संघर्ष की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर रेल कर्मचारियों कीसमस्याओं पर चर्चा करते यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने कहा कि गंगापुर सिटी में सैकडो रेल आवास खंडहर है और उन्हें रेल प्रशासन द्वारा रहने के अयोग्य घोषित किया हुआ है। लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें ध्वस्त नहीं किया जा रहा। इनमें बहुत असामाजिक तत्वों में डेरा डाला हुआ है। आते ने शीघ्र ध्वस्त किया जाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र मीणा ने कॉलोनी रेलवे आवास की छत गिरने की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि रेल प्रशासन रेलवे क्वार्टर्स की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दे रहा है इस कारण ही इस तरह की घटनाएं हो रही है। इस अवसर पर यूनियन के सहायक मंडल मंत्री श्री प्रकाश शर्मा राजू लाल गुर्जर मंडल उपाध्यक्ष हरीप्रसाद मीणा एग्जिट होकर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण के लिए संघर्ष करने का हवन किया। इस अवसर पर आई ओ डब्ल्यू विभाग के कर्मचारियों ने यूनियन के नेताओं का साफा बांधकर एवं माला पहनकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारी ने रेलवे पावर हाउस स्टेशन अधीक्षक कार्यालय सीटीआई कार्यालय रिजर्वेशन सेंटर एवं लोबी पर रेलवे कर्मचारियों सम्पर्क कर समस्याओं पर चर्चा की एवं उनके निराकरण के लिए शीघ्र ही कार्रवाई करने की बात कही ।इसके बाद यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र मीणा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जैन गंगापुर सवाई माधोपुर खंड पर नारायणपुर टटवाडा मलारना मखोली स्टेशन पर रेल कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए रवाना हो गए। इस दौरान यूनियन के शाखा सचिव राजेश चाहर शाखा अध्यक्ष हरिकेश मीना शशि शर्मा गजानंद शर्मा वीरेंद्र मीणा दिनेश गुर्जर बृजेश जागा सहवाग अख्तर रघुराज सिंह नदीम खान सुनील शर्मा चंचल वैष्णव चंद्रभान मीना हरिमोहन मीना महेश मीणा सुरेश गुर्जर विनोद कुमार राय सिंह मीणा गणेश मीणा सुधीर गुप्ता लोकेश्वर ललित धाकड अमित खान पीके जैन महेश बंसल सुरेश मीणा अभिषेक सिसोदिया विकास चतुर्वेदी ज्वाला प्रसाद आर मीणा सहित सैकडो रेल कर्मचारी एवं यूनियन कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव एवं मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र मीणा का जनशताब्दी एक्सप्रेस से गंगापुर सिटी आगमन पर रेल कर्मचारियों ने जोशीले नारे लगाकर एवं माला पहनाकर भवय स्वागत किया एवं लाल झंडों के साथ नारे लगाते हुए प्लेटफार्म पर रैली निकाली। आज गंगापुर सिटी दौरे के दौरान दर्जनों रेल कर्मचारियों ने महामंत्री मुकेश गालव को अपनी नौकरी संबंधी समस्याओं के लिए लिखित में आवेदन भी दिए। एवं अपनी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा भी की यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि यूनियन द्वारा शीघ्र ही कर्मचारियों द्वारा दी गई समस्याओं के निराकरण के लिए कार्रवाई की जाएंगी।

सार-समाचार

आदिवासी दिवस पर हुए कार्यक्रम

करौली मे आदिवासी दिवस पर प्रमुख लोगो का स्वागत सम्मान किया गया।

करौली (नि.स.)। राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रामकेश मीना उपनेता प्रतिपक्ष, लाखनसिंह मीना कटकड पूर्व अध्यक्ष डांग विकास बोर्ड,अनीता जाटव विधायक हिण्डौन, हंसराज मीना विधायक सपोटरा,बृजलाल डिकोलिया जिला अध्यक्ष भाजपा,शिवराज सिंह मीना जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी करौली,सुरेश मीना पूर्व विधायक, हुकम बाई मीना प्रदेश महासचिव कांग्रेस रहे। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारौली ने बताया कि समारोह में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए,वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया,एसटीएससी के उपस्थित जनसमूह ने एकता का आ ान करते हुए 21 अगस्त के भारत बंद को शांतिपूर्ण सफल बनाने का संकल्प लिया। आवंटित भूमि के लिए भामाशाहों द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों के अलावा वरिष्ठ समाजसेवी,कर्मचारी अधिकारी,भामाशाहों, पंच-पटेलों,युवाओं,महिलाओं सहित उपस्थित एसटीएससी के हजारों लोगों ने धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाया।

सर्प के काटने से महिला की मौत

हिण्डौन सिटी। हिण्डौन के जाटव बस्ती निवासी 25 वर्षीय महिला को घर में सोते समय एक सर्प ने डस लिया। हिण्डौन के जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिण्डौन के जाटव बस्ती निवासी महिला सपना जाटव अपने घर में सो रही थी। इस दौरान कमरे में एक सर्प आ गया, जिसने उसे डस लिया। सर्प के डसने की सूचना पर परिजन महिला को लेकर हिण्डौन के जिला अस्पताल पहुंचे। जहां महिला का उपचार कराया लेकिन उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को हिण्डौन कोतवाली थाना पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करने के बाद हिण्डौन के जिला अस्पताल की मोर्चरी में चिकित्सकों से मृतक महिला का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने घर से सर्प को पकड कर जंगलों में छोड दिया। बताया जा रहा है कि महिला ने गत माह ही दो जुडवा बच्चों को जन्म दिया था।

पूर्व विधायक से मुलाकात की

करौली (नि.स.)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत ने राजपरिवार करौली के जयपुर स्थित आवास करौली हाउस पर पहुचकर करौली कि पूर्व विधायक महारानी रोहिणी कुमारी से मुलाकात की। इस अवसर पर लखावत ने कैलादेवी जी के निर्माणाधीन पैनोरमा के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा की तथा पैनोरमा की जानकारी देते हुए आवश्यक अन्य जानकारियां भी संग्रहित की। साथ ही करौली राजवंश और उसके श्रीकृष्ण भगवान कि वंश परम्परा से सीधे जुडाव की ऐतिहासिक जानकारी को आमजन तक पहुंचाएं जाने हेतु करौली में एक और पेनोरमा निर्माण के पूर्व विधायक श्रीमती रोहिणी कुमारी के आग्रह को स्वीकार करते हुए राजस्थान सरकार में चर्चा कर हर सम्भव प्रयास कराने हेतु आश्वस्त किया। पिछले दिनों करौली सहित सम्पूर्ण पूर्वी राजस्थान के विकास हेतु प्रधानमंत्री से मिलकर की गई मांगों पर प्रसन्नता जताई तथा क्षेत्रीय विकास हेतु व्यापक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत मांगपत्र के एक एक बिंदु को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हुए मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें कार्यरूप में परिणित कराने में मदद करने हेतु आश्वस्त किया।

हिंडौन में कांवड़ियों का किया स्वागत

हिंडौन सिटी । युवा कांवडिया भक्त मंडल द्वारा पहली बार शुरू की गई कांवड यात्रा शुक्रवार को सोरोंजी से गंगाजल लेकर मंडावरा रोड बाईपास स्थित मंदिर पर पहुंची। जहां शिव भक्तों ने भक्तिमय माहौल में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं स्थानीय लोगों ने कांवडियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।सौरोंजी से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवडियों ने विधि विधान व मन्त्रोच्चार से से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान मन्दिर परिसर भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। मंडल के अमन मुदगल ने बताया कि भक्त मंडल द्वारा यह पहली बार डाक कांवड यात्रा रही। जिसमें भक्त मंडल के 35 सदस्य सौरोंजी से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए थे। कावड यात्रा में शामिल अमन मुद्गल, रविन्द्र गुर्जर, मोहन गुर्जर, वीर सिंह, वचन सिंह, उधम सिंह, पुनीत मुद्गल व बाबा गुर्जर आदि शामिल हुए।

प्रतियोगिताओ का आयोजन

करौली (नि.स.)। श्रीगुर्जर गौड ब्राह्मण समाज करौली का सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा की अध्यक्षता में मंदिर हर वक्तावर शिरोमणि करौली में संपन्न हुआ।

केंद्रित विकास कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

करौली (नि.स.)। अर्पण सेवा संस्थान द्वारा एचडीएफसी बैंक परिवर्तन सीएसआर के तहत केंद्रित विकास कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि विश्वंभर दयाल शर्मा सयुक्त निदेशक कृषि विभाग द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ सकरघटा गांव में किया गया।

परियोजना प्रबंधक महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि केंद्रीय विकास कार्यक्रम मासलपुर ब्लॉक के 45 गांवो में ग्रामीण विकास को लेकर कृषि वानिकी व जल प्रबंधन के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त निदेशक द्वारा केंद्रीय विकास कार्यक्रम मे किसानों से संस्थान के सहयोग की अपील की तथा कृषि विभाग की विभिन्न प्रकार कि योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनो को बताया गया तथा अर्पण सेवा संस्थान के राज्य प्रमुख विनोद शुक्ला द्वारा परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के बारे में उपस्थित ग्रामीण जनों को विस्तार से बताया गया तथा ग्रामीणों को परियोजना के सहयोग से अपने क्षेत्र में संपूर्ण ग्रामीण विकास कार्य को सफल बनाने का आ ान किया अर्पण संस्थान के कोषाध्यक्ष राजेश जैन ने संस्थान के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यों के बारे में बताते हुए संस्थान का परिचय देकर अवगत कराया। एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधक इंद्र कुमार शर्मा द्वारा बैंक की योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई सिलोती सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कुशवाह ने अपने क्षेत्र में परियोजना कि शुरुआत करने के लिए संस्थान में एचडीएफसी बैंक का धन्यवाद देते हुए सहयोग कि अपील की कार्यक्रम के दौरान सहायक कृषि अधिकारी विनोद जाट, सहित कई ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित थे।

पॉचना बॉध के तीन गेट खोलकर की जा रही है पानी की निकासी

करौली(नि.स.)। बारिश का मौसम अपनी चरम सीमाओं पर है जिसको देखते हुए नदी,नाले ऊफान पर चल रहे हैं करौली कि सबसे बडी नदी चंबल खतरे के निशान के करीब है तथा हाल ही में पांचना बांध के तीन गेट भी खोले जा चुके हैं जिससे गंभीर नदी में पानी के जलस्तर के आवक हो रही है जिसको देखते हुए आम जनता को जागरूक करने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम तथा मण्डरायल तहसीलदार महेंद्र कुमार गुप्ता के साथ मण्डरायल व सपोटरा के चंबल नदी से सटे तटीय क्षेत्र में जाकर के जन जागरूकता अभियान चलाया गयां। वही करौली शहर किनारे होकर बह रही पाचो

करौली के पॉचना बॉध के तीन गेट खोलकर लगातार की जा रही है पानी की निकासी ।

नदियो मे पानी का जल स्तर लगातार चल रहा है। वही राजस्थान और मध्य प्रदे'ा कि सीमा को जोडने वाली चंबल नदी भी खतरे के नि'ाान के कुछ दूरी पर बह रही है। जिसको देखते हुए जिला प्र'ाासन ने आस पास बसे गावो के लोगो को सावधान व सर्तक रहने के साथ पानी बडने कि स्थिति मे सुरक्षित स्थानो पर पहुचेने कि अपील कि है। इधर जिले में 24 घंटे में 13.1 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जिले में अब तक मानसून सत्र के औसत से 12 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है। जिले में अब तक कुल 667.7 एमएम बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल 8 अगस्त तक 509 एमएम बारिश हुई थी। करौली जिला मुख्यालय पर इस बार अब तक कुल 949 एमएम बारिश दर्ज हुई है।

'स्काउट गाइड मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे'

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड स्थानीय संघ करौली के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी करौली सर्वेश कुमार गुप्ता ने कहा कि स्काउट गाइड मानवता की सेवा के लिए नित्य प्रति एक भलाई का कार्य करें एवं सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे।

सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत ने बताया की स्थानीय संघ परिषद का वार्षिक अधिवेशन पीएम श्री कमला रानी राम प्रकाश खंडेलवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलादेवी में प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सर्वेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार गुप्ता ने कहा की स्काउट गाइड सेवा का पर्याय है उनके आदर्श वाक्य भी तैयार रहो एवं सेवा है उन्हें आदर्श वाक्य के हिसाब से सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए स्काउट गाइड से अपेक्षा की जाती है कि वह नित्य प्रति एक भलाई का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड संगठन विश्व का सबसे सम्मान प्राप्त संगठन है जिसका सदस्य बनने पर हर व्यक्ति को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रजनी गोयल ने उपस्थित स्काउट गाइड स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन से कहा कि वह अपने-अपने विद्यालय में स्काउट गाइड गतिविधि को सक्रीयतापूर्वक संचालित करें एवं बालक बालिकाओं में संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें

स्थानीय संघ करौली के वार्षिक अधिवेशन में सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि भारत स्काउट गाइड गतिविधिया विद्यालय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है विद्यालय के वातावरण निर्माण में भारत स्काउट गाइड गतिविधियां अहम योगदान प्रदान करती है विद्यालय की दैनिक गतिविधियों स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, पॉलीथिन उन्मूलन के क्षेत्र में भी स्काउट गाइड अपना योगदान प्रदान करते हैं। उन्होंने भारत स्काउट गाइड वृद्धि के सभी विद्यालयों में संचालन की अपील की स्थानीय संघ परिषद के वार्षिक अधिवेशन में दौसा के हिमालय बुड बेज स्काउट मास्टर सुरेश सिंह शर्मा ने स्काउट की योग्यता वृद्धि भगवान सिंह भंडारी ने स्काउट मास्टर की योग्यता वृद्धि जबकि भरतपुर के सहायक लीडर ट्रेनर मुकुट बिहारी गुप्ता एवं उमाशंकर शर्मा ने कब एवं कब मास्टर की योग्यता वृद्धि पर प्रकाश डाला इससे पूर्व अतिथियों के अधिवेशन स्थल पर पहुंचने पर स्काउट गाइड ने गाइडर विमलेश शर्मा के नेतृत्व में तिलक लगाकर स्वागत किया जबकि स्काउट मास्टर गणेश शर्मा एवं रोवर लीडर दर्शन लाल गुप्ता के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश अवस्थी ने सभी संभागियों का स्वागत किया स्थानीय विद्यालय की गाइड्स ने फ्लॉक लीडर गगन शर्मा एवं अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

भगवती जागरण व लहरिया महोत्सव आज

गंगापुर सिटी । मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ जिला बूंदी में आज शनिवार को विशाल भगवती जागरण एवं 11 अगस्त को 108 मीटर लंबा लहरिया महोत्सव तथा पौधारोपण कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया जावेगा। इस दौरान गंगापुर वालों के निर्माणाधीन धर्मशाला मार्ग पर पौधारोपण किया जाएगा। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त शनिवार शाम 5 बजे कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने से सैकडो भक्त बसों द्वारा इंदरगढ दरबार जिला बूंदी के लिए रवाना होंगे जहां रात्रि 9 बजे से चैयरमेन की धर्मशाला में विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा। 11 अगस्त रविवार को प्रात: 7 बजे से 108 मीटर लंबा लहरिया महोत्सव के तहत ढोल नगाडे गाजे बाजे के साथ माता रानी को चढाने के लिए सैकडो भक्तगण जयकारों के साथ रवाना होंगे। प्रात: 9 बजे माता रानी के दर्शन कर विश्व की खुशहाली व परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी जाएगी। प्रात: 9.30 बजे से गंगापुर वालों के निर्माणधीन धर्मशाला मार्ग पर लाखेरी उप जिला कलेक्टर कैलाश गुर्जर मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि और दानदाताओं, समाजसेवी, भक्तगणों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा।

हिंदू सेना ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

करौली (नि.स.)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू सेना द्वारा प्रधानमंत्री और प्रदेश के गृहमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को रोकने, हिंदुओं को सुरक्षा देने और मंदिरों को भी क्षितग्रस्त होने से बचने की मांग की साथ ही देश में सीएए और एनआरसी तत्काल लागू करने कि भी मांग की है।

हिंदू सेना अध्यक्ष साहब सिंह गुर्जर ने बताया की बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समाज एवं हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमले हो रहे है। हिन्दू बहन, बेटियों पर अत्याचार किए जा रहे है। उन्होने आरोप लगाया है की हिंदुओं के गांवों को जलाया जा रहा है। ये सब इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा करने का भी आरोप लगाया साहब सिंह कहा की ऐसी घटनाओं से हिन्दू समाज में गहरा रोष है।

देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह से मांग की है कि बांग्लादेश में पीड़ित हिन्दू समाज एवं हिन्दू मंदिरों की रक्षा करने,सीएए और एनआरसी कानूनों को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की है।

साथ ही सीएए के तहत बांग्लादेश में प्रताड़ित हिंदुओं को भारतीय नागरिकता देने की मांग की। साथ ही एनआरसी कानून को लागू कर भारत में अवैध रूप से बसे बांग्लादेशी लोगो को तत्काल भारत से निष्कासित करने कि मांग कि है। इस दौरान पुष्पेन्द्र शर्मा, मुकेश, दीपक, अरूण शर्मा सहित कई युवा साथ थे।

संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने पहरसर में रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

भरतपुर (निस)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने गुरुवार को पंचायत समिति नदबई की ग्राम पंचायत पहरसर के अटल सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल का आयोजन कर आमजन की समस्याओं को सुना एवं विद्युत, पेयजल व चिकित्सा सहित अन्य परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान करीब 45

■ **संभागीय आयुक्त ने विद्युत, पेयजल व चिकित्सा सहित अन्य परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।**

परिवाद प्राप्त हुये। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा संभागीय आयुक्त को बिजली कटौती, विद्युत कनेक्शन, पेयजल, सडक, जलभराव, अतिक्रमण आदि से संबंधित शिकायतों को रखा गया जिस पर आयुक्त महोदय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को

पंचायत समिति नदबई की ग्राम पंचायत पहरसर के अटल सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।

बरसात के मौसम को देखते हुये जलभराव के स्थानों को चिन्हित कर पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों के मध्येनजर उचित दवा भण्डारण सुर्ुनिश्चत करने को कहा। उन्होंने पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुये निर्धारित समय में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध करवाकर शुद्व पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश प्रदान किये। संभागीय आयुक्त ने उपखण्ड अधिकारी नदबई गंगाधर मीणा को नियमित तौर पर उपखण्ड स्तरीय कार्यालयों, चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाडी केन्द्रों आदि का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने काश्तकारों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा निर्धारित समयावधि में समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों को छोटे-छोटे कार्यों के लिये विभागों के चक्कर नहीं लगाने पडें इसके लिये स्वप्रेरित होकर क्षेत्र में चिन्हित समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि भूमि पैमाइश, सीमा ज्ञान, पत्थरगढी, रास्तों के अतिक्रमण संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण करें जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं हो। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को फसल बीमा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिये जमाबन्दी आदि के लिये चक्कर नहीं लगाने पडें यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने आमजन से प्राप्त होने वाले परिवादों, ऑनलाईन पोर्टल एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को संवेदनशीलता से लेते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार कैलाश गौतम, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

'समस्त अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें'

करौली(नि.स.)। राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 को समयबद्ध पूर्ण करने एवं नियमित मॉनिटरिंग कर समस्त अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें जिससे राज्य सरकार के द्वारा जिले मे की गई घोषणाऐं समय पर पूर्ण हो सके। उन्होंने बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के बारे में समीक्षा की एवं अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

जिला प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस में बजट घोषणा के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने जिले मे बजट घोषणाओं के अंतर्गत सानिवि द्वारा की गई घोषणाओं की अब तक की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने, नगर परिषद आयुक्त को बरसात के मौसम में नियमित साफ-सफाई करने, विद्युत विभाग के अधिकारी को बजट घोषणा को पूर्ण करने एवं 33 केवी के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने, सीमएचओं को चिकित्सा संबंधी घोषणाओं को समयबद्ध करने व जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी में नियमित साफ-सफाई करने, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता को हाईवे पर बरसात के मौसम में पानी की समुचित निकासी करने, बैठक में पूर्व में दिये गये निर्देशों की पालना करने, निर्माण संबंधी कार्यो का नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता ध्यान रखने सडक एवं हाईवे पर अवैध कटों को बंद करने, जिलेभर में हरियालों राजस्थान के तहत लगाये गये पौधों का सार-संभाल करना एवं समय-समय पर देखभाल करने के अधिकारीयो को निर्देश दिये। बैठक मे जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर ने बजट घोषणा संबंधी कार्यो मे जमीन आवंटन संबंधित कार्यो को समय पर पूर्ण करने, समय पर कार्य आदेश जारी करने, समय समय पर मॉनिटरिंग करने, गुणवत्ता का ध्यान रखने एवं बजट घोषणा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर अवगत कराने के निर्देश दिये जिससे कि समस्या का समाधान किया जा सके। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने राज्य सरकार के द्वारा की गई बजट घोषणाओं को समय सीमा मे पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक में इसके अलावा पीएचईडी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, पुलिस, सानिवि, नगर परिषद, पशुपालन, सिचांई एवं अन्य विभागों में की गई बजट घोषणाओं की बिन्दुवार समीक्षा की एवं कार्यो को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चैधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानू चारण, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जोहरीलाल मीणा, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता एन.के. जोशी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा, पशुपालन विभाग के सयुंक्त निदेशक डॉ. गंगासहाय मीणा सहित अन्य जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञापन सौंपा

करौली (नि.स.)। करौली जिले की पहचान व पाँच नदियों के संगम पर सुरम्य प्राकृतिक वातावरण के बीच बने पाँचना बाँध को पर्यटन केन्द्र घोषित कराने व पाँचना बाँध का पर्यटन स्थल के रुप में विकास कराने के लिये बनी पाँचना बाँध पर्यटन विकास समिति ने जिला प्रभारी एवं गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को ज्ञापन सौंप कर राज्य सरकार द्वारा पाँचना बाँध क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने कि माँग की जिसमें जिलाप्रभारी जवाहर सिंह बेढम ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने में अध्यक्ष नरेन्द्र बैंसला,महामंत्री अश्विनी पाराशर,रमेश राजौरिया, धीरेन्द्र बैंसला,भानुप्रताप गुर्जर, अशुतोष तिवाडी,योगेश शर्मा, हरिशरण व्यास,राजू गुप्ता, बॉबी राजावत सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।